**HINDI AS A SECOND LANGUAGE 0549**
**IGCSE**
**2007**

**Please Note:**

A copy of the Listening CD which accompanies Paper 2 is available from our Publications Department, Reference Number SQ05490601

www.theallpapers.com

www.theallpapers.com

| Centre Number | Candidate Number | Name |
| --- | --- | --- |
| | | |

UNIVERSITY OF CAMBRIDGE INTERNATIONAL EXAMINATIONS
International General Certificate of Secondary Education

**HINDI AS A SECOND LANGUAGE** **0549/01**

Paper 1 Reading and Writing

For Examination from 2007

Specimen Paper

Candidates answer on the Question Paper.
No Additional Materials are required.

**2 hours**

**READ THESE INSTRUCTIONS FIRST**

Write your Centre number, candidate number and name on all the work you hand in.
Write in dark blue or black pen.
Do not use staples, paper clips, highlighters, glue or correction fluid.

Answer **all** questions.
At the end of the examination, fasten all your work securely together.
The number of marks is given in brackets [ ] at the end of each question or part question.

| FOR EXAMINER'S USE | |
| --- | --- |
| **Section 1** | |
| **Section 2** | |
| **TOTAL** | |

This document consists of **12** printed pages.

UNIVERSITY *of* CAMBRIDGE
International Examinations

© UCLES 2006

**[Turn over**

www.theallpapers.com

# खंड - 1

**अभ्यास 1 प्रश्न 1- 6**

पक्षी विहार के संबंध में निम्न विज्ञापन पढ़िए तथा दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

| | |
|---|---|
| पक्षी विहार में आइए। आनन्द और जानकारी पाइए।<br><br>**खुलने का समय**<br>5 - 16 उम्र के<br>अप्रैल से सितंबर<br>8.00 से 14.00 बजे<br>अक्टूबर से मार्च<br>10.00 से 16.00 बजे | हमारे पक्षी विहार में अनेक प्रकार के विचित्र तथा मनोरंजक पक्षी देखिए। इनका रूप रंग, रहन सहन और व्यवहार देखकर आप ख़ुश होंगे।<br>इस विहार की स्थापना 1955 ई. में हुई। प्रारंभ में यहां कमजोर, बीमार या चोट खाए रोगमुक्त और स्वस्थ्य हो जाते तो इन्हें पुनः मुक्त वातावरण में छोड़ दिया जाता। इसप्रकार हम वातावरण के सन्तुलन को बनाए रखने में सहायक होते हैं। आज भी ऐसे पक्षियों की देखभाल हमारे पक्षी औषधालय में किया जाता है। यह सुविधा हमारे यहां आने वाले दर्शकों की आर्थिक सहायता से संभव होता है।<br>आप इस विहार में निर्मित व्याख्यान कक्ष में विभिन्न प्रकार के पक्षियों की जीवनचर्या, स्वभाव तथा विशेषताओं की चर्चा में भाग लेकर जानकारी प्राप्त करने के साथ ही आवंटित एवं आश्चर्यचकित भी होंगे।<br>पक्षी विहार में विभिन्न प्रकार के पक्षियों को देखकर, छूकर तथा उड़ाकर उनके बारे में प्रत्यक्ष अनुभव का लाभ भी उठा सकते हैं बच्चों के लिए यह अनुभव बहुत लाभकारी होता है।<br>पक्षी विहार में आपको अपना वाहन खड़ा करने की विशेष सुविधा है। बच्चों तथा विकलांगों के लिए प्रवेश शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट भी दी जाती है।<br>विहार में आकर आप आनंदित होने के साथ ही ज्ञानार्जन भी करेंगे। यहाँ पर विभिन्न पक्षियों के जीवन से संबंधित साहित्य तथा उनके पालन - पोषण संबंधित जानकारी प्राप्त करने के साथ ही उपहार कार्ड भी ख़रीदे जा सकते हैं। जलपान गृह में खान - पान की सुविधा भी उपलब्ध है।<br>यदि आप किसी कारणवश अपने बच्चों को पक्षी विहार में विभिन्न प्रकार के पक्षियों को प्रदर्शित करने के लिए हमारी गाड़ी आपके स्कूल या कालेज में आ सकती है। विविध पक्षियों के बारे में अधिक जानकारी के लिए आप हमारे वेबसाइट www.birdcentre.com का उपयोग करें। इसके द्वारा आपको पक्षियों के विशिष्ट स्वभाव खानपान, रहन सहन संबंधी बहुत सी जानकारी तथा चित्रावली भी देखने को मिल सकती है। |



www.theallpapers.com

For Examiner's Use

**1** पक्षी विहार पर कार्य कब प्रारंभ हुआ?

........................................................................................................................ [1]

**2** चोट खाए हुए पक्षियों की सहायता करने में पक्षी विहार की क्या भूमिका है?

..............................................................................................................................

........................................................................................................................ [1]

**3** पक्षी विहार में बच्चों को किस प्रकार का अनुभव प्राप्त होता है?

..............................................................................................................................

........................................................................................................................ [1]

**4** पक्षी विहार के भ्रमण में कितनी छूट मिलती है?

........................................................................................................................ [1]

**5** यदि विद्यार्थी पक्षी विहार में न जा सकें तो विशिष्ट पक्षियों को कैसे देख सकते हैं?

........................................................................................................................ [1]

**6** पक्षी विहार की वेबसाइट से हम पक्षियों के बारे में क्या जान सकते हैं?

........................................................................................................................ [1]

[पूर्णांक : 6]


www.theallpapers.com

**अभ्यास 2, प्रश्न 7**

देवेन्द्र शर्मा की आयु 26 वर्ष है। वह अर्थशास्त्र, बुक-कीपिंग आदि विषयों के साथ गुजरात विश्वविद्यालय से व्यावसायिक संस्थान में पाँच वर्ष से कार्यरत है। वह लिपिक के रूप में भर्ती हुआ था और अब उच्च श्रेणी लिपिक के पद पर है। उसका संस्थान देशी तथा विदेशी व्यावसायिक संस्थानों से पत्राचार करता है। कार्यालय में कार्य करते हुए उसने कम्प्यूटर उपयोग की कुशलता भी प्राप्त कर ली है।

देवेन्द्र शर्मा का वर्तमान वेतन 5000 रूपये है जिसमें दैनिक तथा अन्य भत्ते शामिल नहीं है। वह हँसमुख स्वभाव वाला मिलनसार प्रकृति का व्यक्ति है। उसका सामान्य ज्ञान अच्छा है।

देवेन्द्र शर्मा ने रोज़गार समाचार में निम्न कार्यालय ज्ञापन देखा और सहायक के पद के लिए आवेदक बनने का निर्णय किया।

सं. 15-3/05-06/लो.सं.
लोक सभा सचिवालय
संसद भवन.
नई दिल्ली - 110001

ता. 31.1.2006

**कार्यालय ज्ञापन**

विषय: **सरकारी कार्यालयों में सहायक के पदों को भरना**

लोक सभा सचिवालय में कुछ सहायकों के पद खाली हुए है। इन पदों को ऐसे उम्मीदवारों से भरने का प्रस्ताव है जो सरकारी कार्यालयों में काम कर रहे हों।

इस पद पर भर्ती के लिए नीचे दी हुई योग्यताएँ ज़रूरी हैं

| | | |
|---|---|---|
| 1. शैक्षिक योग्यता | - | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक |
| 2. आयु | - | 22 से 28 वर्ष के बीच |
| 3. अनुभव | - | किसी सरकारी विभाग में उच्चश्रेणी लिपिक के रूप में पांच वर्ष का अनुभव हो। |

अपर सचिव



www.theallpapers.com

For Examiner's Use

आप अपने को देवेन्द्र शर्मा मानकर आगे दिए गए आवेदन पत्र को भरिए।

**सहायक पद हेतु आवेदन - पत्र**

पूरा नाम ..........................................................................

आयु ....................................

स्थायी पता ..........................................................................

..........................................................................

शैक्षिक योग्यता

| डिग्री | विषय | विश्वविद्यालय |
|---|---|---|
| | | |

व्यावसायिक अनुभव .................................................................

[पूर्णांक : 7]


www.theallpapers.com

**अभ्यास 3 प्रश्न 8-11**

भारत के जम्मू-कश्मीर प्रान्त की राजधानी श्रीनगर पर निम्नलिखित लेख पढ़िए। अगले पृष्ठ पर दिए गए कार्य को निर्देशानुसार पूरा कीजिए।

## श्रीनगर

भारत के उत्तर में हिमालय पर्वत की श्रंखला पूर्व से पश्चिम तक फैली हुई है। इसी पर्वत के पश्चिमी भाग में जम्मू-कश्मीर राज्य स्थित है। समुद्रतल से इसकी ऊँचाई लगभग 2600 मीटर होने के कारण गर्मियों में भी यह नगर बहुत ठंडा रहता है। जाड़े में तो यहां का तापमान शून्य से भी नीचे पहुँच जाता है।

श्रीनगर पहुँचने के केवल दो ही साधन हैं। बस कार अथवा हवाई जहाज़। सड़क मार्ग से जाने वाले लोग पहले जम्मू पहुँचते हैं। जम्मू तक रेलवे लाइन भी है। सड़क द्वारा जम्मू से श्रीनगर की दूरी 305 किलोमीटर है जिसे लगभग 8.10 घंटों में पूरा किया जा सकता है। वायुयान से यह दूरी लगभग 20 मिनट में ही पूरी हो जाती है।

पहाड़ों की घाटी में स्थित श्रीनगर में सुन्दरता बिखरी पड़ी है। कहीं स्वच्छ पानी की झीलें हैं तो कहीं कलकल करते झरने। बर्फ से ढकी पर्वत मालाएँ इस नगर के चारों ओर देखी जा सकती हैं। अत्यधिक सर्दी, वर्षा तथा बर्फबारी के कारण यहाँ के मकान प्रायः लकड़ी के बनाए जाते हैं। इनकी छतें ढालू तथा कोन आकार की होती हैं जिससे उनपर पानी या बर्फ जमा न हो सके। यहाँ रहने वाले सर्दी के दिनों में एक विशेष प्रकार की अंगीठी में आग जलाकर घर को गर्म रखते हैं जिसे काँगड़ी कहते हैं।

श्रीनगर में अनेक दर्शनीय स्थान हैं। यहाँ मीलों लंबी डल झील में हाउस बोट में रहना तथा शिकारों में बैठकर सैर करना बड़ा मनोरम है। डलझील के किनारे बसे शालीमार और निशात बाग अत्यंत सुन्दर हैं। झर झर करते झरने और फव्वारे, मखमली घास और रंग बिरंगी फूलों की क्यारियाँ यहाँ की शोभा को बढ़ाते हैं। इसीलिए इसे धरती का स्वर्ग भी कहा जाता है।



www.theallpapers.com

For Examiner's Use

आपकी कक्षा के प्रत्येक सदस्य को विश्व के किसी भी नगर पर एक वार्ता प्रस्तुत करने को कहा गया है। आप अपनी वार्ता श्रीनगर नामक लेख पर आधारित करें। नीचे दिए गए प्रत्येक शीर्षक के अंतर्गत दो टिप्पणियां लिखें जिसपर आपकी वार्ता आधारित हो :

**8** स्थिति ..........................................................................................................

.......................................................................................................... [2]

**9** पहुँचने का तरीका ..........................................................................................

.......................................................................................................... [2]

**10** रहन सहन ..........................................................................................................

.......................................................................................................... [1]

**11** दर्शनीय स्थान ..................................................................................................

.......................................................................................................... [2]

[पूर्णांक : 7]

© UCLES 2006



[ कृपया पृष्ट उलटें

www.theallpapers.com

**अभ्यास 4 प्रश्न - 12**

निम्न लेख में सर्पगृह के बारे में पढ़िए। उसके बाद दिए गए रिक्त स्थान में इसके उद्येश्यों को संक्षेप में लिखिए।

यह सारांश आपको लगभग 100 शब्दों वाले एक परिच्छेद में लिखना है।

यथासंभव अपने शब्दों में ही सारांश लिखें। संगत बिन्दुओं के समावेश पर 6 अंक तथा इनकी भाषिक अभिव्यक्ति के लिए 4 अंक निर्धारित हैं।

**जीवित सर्प**

जूनागढ़ सर्पगृह के निदेशक श्री भटनागर तथा उनके साथी ऐसे अनेक साँपों की देखभाल करते हैं जिनमें से कुछ विषैले तथा कुछ विषहीन हैं। ये विशेष रूप से बनाए गए गड्ढों में रहते हैं। आगंतुकों को सर्पों के बारे में शिक्षित करना ही इस सर्पगृह का उद्येश्य है।

श्री भटनागर की रूचि सर्पों में सन 1969 वर्षा ऋतु में तब उत्पन्न हुई जब उन्होंने एक अवकाश शिविर की देखभाल करते समय एक विषैले साँप की जीवन रक्षा की। बाद में उन्होने इसे जंगल में छोड़ दिया। तत्पश्चात उन्होने साँपों के विषय में लिखी एक पुस्तक खरीदी और उसे पढ़ना शुरू किया। उन्होंने ऐसे साँपों की रक्षा की जिन्हें मारे जाने का ख़तरा था। ऐसा करते समय उन्हें ज्ञात हुआ कि 85 प्रतिशत साँप विषैले नहीं होते। वे किसी प्रकार की हानि तब तक नहीं पहुँचाते जब तक कि उन्हें छेड़ा न जाए या डराया - धमकाया न जाए। इस पुण्य कार्य में लीन रहते हुए भटनागर साहब को ऐसा लगा कि जैसे उन्हें अपने जीवन का लक्ष्य मिल गया है और यह लक्ष्य है जन सामान्य को साँपों के बारे में शिक्षित करना।

उस विचार को आगे बढाने के लिए उन्होंने एक करतब शुरू करने की सोची। यह था शीशे के बने हुए एक घेरे में 72 घंटों तक रहना। वे चाहते थे कि साँपों के बारे में भ्रान्त धारणाओं को दूर किया जाए। उनके इस प्रयोग ने लोगों का ध्यान साँपों की ओर आकर्षित किया तथा उन्हें इनके बारे में अनेक प्रकार की जानकारी प्राप्त करने के लिए अधिकारियों से संपर्क स्थापित किया। सर्पगृह में साँपों को देखकर उनके स्वभाव तथा शैली के बारे में जनसामान्य को शिक्षित किया जा सकता हैं।

श्री भटनागर तथा उनके साथियों के प्रयास से सर्पगृह की सथापना सन 1986 में हो गई। यहाँ विभिन्न प्रकार के साँपों की देखभाल तथा रख-रखाव शुरू कर दिया गया। सर्पगृहकी देखभाल के साथ ही उन्होंने साँपों के बारे में व्याख्यान आयोजित करने, प्रदर्शनी लगाने तथा उनसे संबंधित शोध कार्य भी प्रारंभ कर दिया। विशिष्ट प्रकार के साँपों की पहचान कर उनकी प्रजनन प्रक्रिया का अध्ययन भी किया जाने लगा।

यद्यपि सर्पगृह के प्रारंभिक साँपों की सुरक्षा, उन्हें स्वतंत्र कराना, प्रजनन प्रक्रिया तथा उनके रहन सहन की जानकारी कराना था, किन्तु इसके संस्थापकों ने बाद में अन्य घायल तथा भटके हुए पशु पक्षियों की देखभाल तथा उन्हें मुक्त करने का कार्य भी शुरू कर दिया। सर्पगृह परिसर में अब सभी जीव जन्तुओं को सुरक्षा तथा आश्रय मिलने लगा और वे पूरी तरह से स्वस्थ होने तक यहाँ रह सकते है। यहाँ एक अनाथाश्रय की योजना बनाई गई जहाँ इन जीव जन्तुओं को स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया जा सके।

सर्पगृह की टीम सदैव सक्रिय रहकर नई नई खोज करती रहती है। जीव जन्तुओं की विविध समस्याओं के समाधान हेतु चिड़ियाघर के अधिकारी सर्पगृह से संपर्क स्थापित करते हैं। साथ ही अपने आसपास साँप देखे जाने पर लोग सहायता प्राप्त करने के लिए यहाँ के विशेषज्ञों से संपर्क करते हैं।



www.theallpapers.com

For Examiner's Use

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

.............................................................................................................................. [10]


www.theallpapers.com

## खंड - 2

### अभ्यास 5 प्रश्न 13-20

नीचे ताजमहल के विषय में एक पत्रिका में प्रकाशित एक लेख है। ताजमहल विश्व के आठ आश्चर्यजनक स्मारकों में से एक है जिसे देखने के लिए अनेक पर्यटक भारत आते हैं। इसे ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा लेख के नीचे पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए

**ताजमहल**

संसार के अनोखे स्मारकों में भारत के ताजमहल की गणना होती है। शाहजहां ने अपनी बेगम मुमताज़महल की यादगार में इस मक़बरे को बनवाया था। इसके बीचो बीच कमरे में मुमताज़ और शाहजहां की कब्र है। इतनी सुंदर और कीमती इमारत संसार में आज तक नहीं बनी। यह विशाल इमारत आगरा में यमुना नदी के किनारे स्थापित है। आगरा नगर भारत की राजधानी दिल्ली से 200 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यहाँ पहुँचने के लिए पर्यटकों को सड़क, रेल तथा वायुमार्ग तीनों प्रकार की सुविधाएँ उपलब्ध हैं।

ताजमहल की भव्य इमारत एक विशाल और चौकोर चबूतरे पर बनी हुई है। इसे बनाने में सफेद संगमरमर पत्थर का उपयोग किया गया है। मुहम्मद ईशा नामक जिस कारीगर ने ताजमहल का निर्माण किया वह अपने समय का सबसे अनुभवी और कुशल शिल्पी था। ईरान के प्रसिद्ध चित्रकार हमीन नूर खां ने बनाया था। कला के परिवारों का कहना है कि ताजमहल की बनावट में अनेक देशों की कलाओं जैसे प्राचीन भारत, अरब, ईरान, टर्की, चीन और इटली की कला का सुंदर संगम देखने को मिलता है।

ताजमहल का निर्माण सन 1632 में शुरू हुआ था। लगातार 22 वर्ष तक दिन रात परिश्रम कर 22 हज़ार मज़दूर और कारीगरों ने 20 करोड़ रूपये की लागत से इसे बनाया था। इसके चारों ओर हरे भरे बाग़ है. बाहरी दरवाज़े से प्रवेश करते ही ताजमहल के सामने अनेक फ़व्वारे हैं जिनका जल कुंडों में गिरता रहता है। इनमें रंग बिरंगी मछलियाँ तैरती रहती हैं।

अपनी प्रिय बेगम मुमताज़महल के असामयिक निधन पर मुग़ल सम्राट शाहजहां अत्यंत दुखी हुआ और उसकी यादगार को अमर बनाने के लिए ताजमहल की कला पर मुग्ध था। अपने जीवन के आखिरी दिनों में जब शाहजहां को आगरे के किले में बन्दी बना लिया गया था। आज भी दुनिया भर के दर्शक और कलाकार विश्व प्रसिद्ध ताजमहल को देखने आते हैं और इसे देखकर दंग रह जाते हैं। इसकी अलौकिक सुंदरता से प्रभावित होकर किसी कवि ने इसे सच ही पत्थर की कविता कहकर संबोधित किया है।



www.theallpapers.com

For Examiner's Use

**13** ताजमहल को संसार का अनोखा स्मारक क्यों माना जाता है?

............................................................................................................................. [1]

**14** ताजमहल को देखने के लिए दिल्ली से आगरा कैसे पहुँचा जा सकता है?

............................................................................................................................. [1]

**15** ताजमहल को पूरा करने में कितना समय और श्रम लगा?

............................................................................................................................. [1]

**16** क्या ताजमहल के निर्माण में विदेशी चित्रकारों और कलाकारों का योगदान है?

............................................................................................................................. [1]

**17** ताजमहल के सामने का दृश्य कैसा है?

............................................................................................................................. [1]

**18** शाहजहां के जीवन का अन्तिम समय कैसे व्यतीत हुआ दो बातें लिखिए?

.....................................................................................................................................

............................................................................................................................. [2]

**19** शाहजहां ने ताजमहल का निर्माण क्यों कराया?

............................................................................................................................. [1]

**20** ताजमहल की उपमा पत्थर की कविता से क्यों दी गई है दो कारण बताएँ।

.....................................................................................................................................

............................................................................................................................. [2]

[पूर्णांक : 10]


www.theallpapers.com

अभ्यास- 6

आपका दोस्त अस्पताल से घर वापिस लौटा है। उसे सामान्य हालत में लौटने में लंबा समय लगेगा। पत्र द्वारा प्रोत्साहित करते हुए उसे सुझाव दीजिए कि वह किस तरह इस समय का इस्तेमाल करे।

**आपका पत्र 150शब्दों से ज़्यादा नहीं होना चाहिए।**

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

[पूर्णांक: 20]

*Copyright Acknowledgements:*

Permission to reproduce items where third-party owned material protected by copyright is included has been sought and cleared where possible. Every reasonable effort has been made by the publisher (UCLES) to trace copyright holders, but if any items requiring clearance have unwittingly been included, the publisher will be pleased to make amends at the earliest possible opportunity.

University of Cambridge International Examinations is part of the Cambridge Assessment Group. Cambridge Assessment is the brand name of University of Cambridge Local Examinations Syndicate (UCLES), which is itself a department of the University of Cambridge.



www.theallpapers.com

UNIVERSITY OF CAMBRIDGE INTERNATIONAL EXAMINATIONS

**Specimen for 2007**

INTERNATIONAL GENERAL CERTIFICATE OF SECONDARY EDUCATION

MARK SCHEME

MAXIMUM MARK: 60

SYLLABUS/COMPONENT: 0549/01

HINDI AS A SECOND LANGUAGE
(Reading and Writing)

UNIVERSITY *of* CAMBRIDGE
International Examinations

www.theallpapers.com

## पठन तथा लेखन प्रश्नपत्र
## अभ्यास प्रश्नों के उत्तर

**अभ्यास 1, उत्तर 1-6**

1 पक्षी विहार पर कार्य सन 1955 ई. में प्रारम्भ हुआ।
2 चोट खाए हुए पक्षियों का पक्षी औषधालय में इलाज किया जाता है। स्वस्थ्य हो जाने पर उन्हें मुक्त कर दिया जाता है।
3 पक्षियों को देखकर छूकर तथा उड़ाकर बच्चे प्रत्यक्ष अनुभव का लाभ उठा सकते हैं।
4 बच्चों तथा विकलांगों को पक्षी विहार में प्रवेश शुल्क पर 50% की छूट मिलती है।
5 विशिष्ट पक्षियों को दिखाने के लिए पक्षी विहार की गाड़ी स्कूल या कालेज में आ सकती है
6 विहार की वेबसाइट से हम पक्षियों के स्वभाव, खान पान तथा रहन सहन संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**अभ्यास 2, उत्तर 7**

प्रत्येक रिक्त स्थान में उपयुक्त सूचना ठीक प्रकार से भरने के लिए अंक प्रदान किया जाए।

**अभ्यास 3, उत्तर 8-11**

8 स्थिति
1 हिमालय पर्वत के पश्चिमी भाग में स्थित जम्मु-कश्मीर राज्य की राजधानी है।
2 समुद्र तल से श्रीनगर की ऊँचाई लगभग 2600 मीटर है।
9 पहुँचने का तरीका
1 सड़क द्वारा जम्मू से 305 किलोमीटर की दूरी बस या कार द्वारा लगभग 8-10 घंटों में पूरी की जा सकती है।
2 वायुयान द्वारा जम्मू से श्रीनगर 20 मिनट में ही पहुँच सकते हैं।
10 रहन सहन
1 रहने के लिए लकड़ी के मकान जिसकी छतें ढालू तथा कोन आकार की होती हैं जिसे कांगड़ी जलाकर गर्म रखा जाता है।
11 दर्शनीय स्थान
1 डल झील में हाउस बोट में रहना तथा शिकारे में सैर करना।
2 शालीमार और निशात बाग़ में फ़व्वारे तथा फूलों की सुंदरता।

**अभ्यास 4, प्रश्न- 12**

परिच्छेद में सभाहित करने के लिए संगत बिन्दु

1 जूनागढ सर्पगृह का उद्येश्य आगंतुकों को साँपों के स्वभाव तथा जीवन शैली के बारे में शिक्षित करना।
2 85% साँप विषहीन, केवल 15% साँप विषैले होते हैं।
3 सर्पगृह में साँपों के बारे में व्याख्यान, प्रदर्शनी तथा शोधकार्य का आयोजन
4 सर्पगृह परिसर में अन्य पशु पक्षियों की देखभाल भी की जाती है।
5 सर्प तथा अन्य जीव जंतुओं के विषय में नई नई खोज जारी है।
6 चिड़ियाघर के अधिकारी भी इन खोजों से लाभान्वित होते रहे हैं।

© University of Cambridge International Examinations 2006
www.theallpapers.com

**अभ्यास 5, प्रश्न- 13-20**

**13** क्योंकि इतनी सुंदर और कीमती इमारत संसार में आज तक नहीं बनीं।

**14** दिल्ली से आगरा की 200 किलोमीटर की दूरी सड़क, रेल तथा वायु मार्ग से तय की जा सकती है।

**15** ताजमहल को बनाने में 22 वर्ष लगे। 22 हज़ार मज़दूर और कारीगरों ने दिन-रात काम किया।

**16** ईरान के चित्रकार हमीन नूर खाँ ने ताजमहल में चित्रकारी की तथा तुर्की के इस्माइल खाँ ने इसके गुंबद बनाए।

**17** ताजमहल के सामने अनेक फ़व्वारे हैं। इन फव्वारों से गिरने वाले पानी में रंग बिरंगी मछलियाँ तैरती हैं।

**18** शाहजहाँ के जीवन का अंतिम समय आगरे के किले में बंदी के रूप में व्यतीत हुआ।

**19** अपनी पत्नी मुमताज़महल की याद को अमर बनाने के लिए शाहजहाँ ने ताजमहल का निर्माण कराया।

**20**
**1** सफेद संगमरमर पत्थर से बना ताजमहल अत्यंत सुंदर है।
**2** इसकी अलौकिक सुंदरता हमारे मन को मोहित कर लेती है।

© University of Cambridge International Examinations 2006
www.theallpapers.com

www.theallpapers.com

| Centre Number | Candidate Number | Name |
|---|---|---|
| | | |

UNIVERSITY OF CAMBRIDGE INTERNATIONAL EXAMINATIONS
International General Certificate of Secondary Education

**HINDI AS A SECOND LANGUAGE** **0549/02**

Paper 2 Listening

For Examination from 2007

Specimen Paper

Candidates answer on the Question Paper.
No Additional Materials are required.

**Approx. 35-45 minutes**

**READ THESE INSTRUCTIONS FIRST**

Write your Centre number, candidate number and name on all the work you hand in.
Write in dark blue or black pen.
Do not use staples, paper clips, highlighters, glue or correction fluid.

Answer **all** questions.
At the end of the examination, fasten all your work securely together.
The number of marks is given in brackets [ ] at the end of each question or part question.

| FOR EXAMINER'S USE | |
|---|---|
| **Section 1** | |
| **Section 2** | |
| **TOTAL** | |

This document consists of **5** printed pages and **1** blank page.

© UCLES 2006

UNIVERSITY *of* CAMBRIDGE
International Examinations

**[Turn over**

www.theallpapers.com

For Examiner's Use

## अभ्यास 1, प्रश्न 1-5

**1-5** प्रश्नों के लिए आप क्रमानुसार कुछ कथन (वाक्य) सुनेंगे उनके आधार पर प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई रेखा पर लिखिए। आपके उत्तर यथा संभव संक्षिप्त होने चाहिए।

आपको प्रत्येक कथन दो बार सुनाया जाएगा।

**1** अमित की माँ ने 120 रूपए मेज़ पर क्यों छोड़े हैं?

........................................................................................................................ [1]

**2** कर्नाटक एक्सप्रेस कितनी लेट चल रही है?

........................................................................................................................ [1]

**3** नेहा की सहेली अपना परीक्षा परिणाम जानने के लिए क्या करे?

........................................................................................................................ [1]

**4** सलमा प्रदर्शनी को जाना चाहती है - क्या ख़रीदे?

........................................................................................................................ [1]

**5** आपका मित्र आपको अक्टूबर में आने के लिए क्यों सलाह देता है?

........................................................................................................................ [2]

[पूर्णांक: 6]



www.theallpapers.com

For Examiner's Use

## अभ्यास 2, प्रश्न 6-13

एक संवाददाता द्वारा दिल्ली मेट्रोरेल कॉरपोरेशन में निदेशक से की गई बातचीत सुनिए। उसके आधार पर नीचे पूछी गई जानकारी को खाली स्थान पर भरिए। इस बातचीत को आप दो बार सुनेंगे।

दिल्ली मेट्रोरेल

6 दिल्ली मेट्रोरेल की आवश्यकता क्यों महसूस की गई? दो कारण बताइए?

(i) ..........................................................................................................

(ii) .......................................................................................................... [1]

7 मेट्रोरेल की योजना किसके द्वारा बनाई गई?

.................................................................................................................. [1]

8 इसके निर्माण कार्य पर कुल कितना ख़र्च होने की संभावना है?

.................................................................................................................. [1]

9 मेट्रो कॉरीडोर का क्या अर्थ है?

.................................................................................................................. [1]

10 मेट्रोरेल की रफ़्तार क्या होगी?

.................................................................................................................. [1]

11 इस रेल के चलने से यात्रियों को दो लाभ होंगे - एक सुरक्षित यात्रा

.................................................................................................................. [1]

12 पर्यावरण की सुरक्षा में मेट्रोरेल किस प्रकार सहायक है?

.................................................................................................................. [1]

13 भविष्य में मेट्रोरेल की क्या योजना है?

.................................................................................................................. [1]

[पूर्णांक: 8]

© UCLES 2006



[ कृपया पृष्ट उलटें

www.theallpapers.com

For Examiner's Use

## अभ्यास 3, प्रश्न- 14-19

मई 2005 में ग्रेग चैपल को भारतीय क्रिकेट टीम का कोच नियुक्त किया गया दैनिक जागरण के संवाददाता विपिन ने आस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेट कप्तान ग्रेग चैपल से एक इन्टरव्यू लिया। यह इन्टरव्यू आपको दो बार सुनाया जाएगा। इसे ध्यानपूर्वक सुनिए और दिए गए प्रत्येक कथन को पढ़कर बताइए कि वह सत्य है या असत्य। उपयुक्त खाने में टिक लगाकर उत्तर दीजिए।

| | | सत्य | असत्य |
|---|---|---|---|
| 14 | ग्रेग चैपल की बेटी को भारत में नौकरी मिल गई है। | ☐ | ☐ |
| 15 | ग्रेग चैपल का परिवार मांसाहारी है। | ☐ | ☐ |
| 16 | ग्रेग चैपल नाश्ते में दूध लेना पसंद करते हैं। | ☐ | ☐ |
| 17 | ग्रेग के अनुसार जीवन के हर क्षेत्र में अनुशासन से सफलता मिलती है। | ☐ | ☐ |
| 18 | पिछले कुछ समय में भारत की क्रिकेट टीम ने कई मैच जीते हैं। | ☐ | ☐ |
| 19 | ग्रेग के लिए खिलाड़ी के खेल में सुधार लाने के लिए उसके मनोविज्ञान की जानकारी आवश्यक है। | ☐ | ☐ |

[पूर्णांक: 6]

© UCLES 2006



www.theallpapers.com

For Examiner's Use

**अभ्यास 4, प्रश्न- 20-25**

एक्यूप्रेशर पर वार्ता    वक्ता श्री केतनशाह, एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ

एक्यूप्रेशर से संबंधित निम्नलिखित वार्ता एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ केतन शाह द्वारा दी गई है। इसे ध्यानपूर्वक सुनिए। यह दो बार सुनाई जाएगी।

**20** श्री केतनशाह चिकित्सक कैसे बने?

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

.................................................................................................................................... [3]

**21** एक्यूप्रेशर से लाभ मिलने पर केतन शाह ने क्या निर्णय किया?

.................................................................................................................................... [1]

**22** एक्यूप्रेशर थेरेपी कैसे काम करती है?

.................................................................................................................................... [1]

**23** एक्यूप्रेशर थेरेपी का प्रारंभ कब और कहाँ से हुआ?

..........................................................................................................................................

.................................................................................................................................... [1]

**24** श्री शाह के अनुसार कलम से लिखना एक प्रकार का एक्यूप्रेशर थेरेपी है। वे इसे कैसे समझाते हैं?

..........................................................................................................................................

.................................................................................................................................... [1]

**25** कोई एक पांपरिक काम करने का उदाहरण दीजिए जिसे श्री शाह एक्यूप्रेशर के साथ जोड़ते हैं?

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

.................................................................................................................................... [3]

[ पूर्णांक: 10]



www.theallpapers.com

**BLANK PAGE**

*Copyright Acknowledgements:*

Permission to reproduce items where third-party owned material protected by copyright is included has been sought and cleared where possible. Every reasonable effort has been made by the publisher (UCLES) to trace copyright holders, but if any items requiring clearance have unwittingly been included, the publisher will be pleased to make amends at the earliest possible opportunity.

University of Cambridge International Examinations is part of the Cambridge Assessment Group. Cambridge Assessment is the brand name of University of Cambridge Local Examinations Syndicate (UCLES), which is itself a department of the University of Cambridge.



www.theallpapers.com

**UNIVERSITY OF CAMBRIDGE INTERNATIONAL EXAMINATIONS**

**Specimen for 2007**

INTERNATIONAL GENERAL CERTIFICATE OF SECONDARY EDUCATION

MARK SCHEME

MAXIMUM MARK: 30

SYLLABUS/COMPONENT: 0549/02

HINDI AS A SECOND LANGUAGE
(Listening)

UNIVERSITY of CAMBRIDGE
International Examinations

www.theallpapers.com

# श्रवण प्रश्नपत्र के उत्तर

## अभ्यास 1

1 पेट्रोल खरीदने के लिए।
2 कर्नाटक एक्सप्रेस 2 घंटा 40 मिनट लेट चल रही है।
3 वह मोबाइल से 6868 पर एस. एम. एस. करे।
4 अपनी माँ के लिए बनारसी साड़ी खरीदना चाहती है।
5 अक्टूबर में मौसम न बहुत गर्म न बहुत ठंडा होता है।

## अभ्यास 2

6 दो कारण 1 बढ़ती आबादी
2 असुरक्षित यातायात
7 भारत सरकार
8 दस हज़ार पाँच सौ इकहत्तर करोड़ रूपए।
9 भूमिगत रेल लाइन को मेट्रो कॉरीडोर कहते है।
10 80 किलोमीटर प्रतिघंटा।
11 समय बचेगा।
12 यदि एक पेड़ काटना पड़ा तो दस पेड़ लगाए जाएँगे।
13 एयरपोर्ट और बड़े बड़े रेलवे स्टेशनों से भी जोड़ा जाएगा।

## अभ्यास 3

14 असत्य
15 असत्य
16 सत्य
17 सत्य
18 असत्य
19 सत्य

© University of Cambridge International Examinations 2006
www.theallpapers.com

**अभ्यास 4**

20 एक ऑपरेशन के बाद केतनशाह के सीने पर मांस का एक गोला उभर आया जो लाइलाज था। एक्यप्रेशर थेरेपी से उन्हें लाभ मिला। इसप्रकार वे इस थेरेपी के विशेषज्ञ बन गए।

21 केतनशाह ने निश्चय किया कि वे इस थेरेपी का लाभ आम जनता तक पहुँचाएँगे।

22 यह थेरेपी शरीर के किसी विशेष भाग पर उचित दबाव डालकर उससे संबंधित अंग को स्वस्थ्य रखती है।

23 इस थेरेपी का जन्म लगभग 5000 वर्ष पुर्व भारत में हुआ।

24 कलम से लिखने से अंगूठे के उस भाग पर प्रेशर पड़ता है जो कलम से दबता है। वह भाग मस्तिष्क का बिंदु है।

25 **(i)** पैरों में पहना जाने वाला खड़ाऊँ।

**(ii)** महिलाओं द्वारा पहना जाने वाला पाजेब।

**(iii)** कान छिदवाने की परंपरा।


© University of Cambridge International Examinations 2006

www.theallpapers.com

www.theallpapers.com